संख्या-66/2023/663/छप्पन-2023-153/2000

प्रेषक,

आनन्द कौशिक,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0 लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ : दिनांक : 01 जून, 2023

विषय: राजकीय हेलीकॉप्टर बेल 412 EP VT-UPO के 02 मेन रोटर ब्लेड पार्ट नं0-412-015-300-119 सी रियल नं0 A-4166 & A4154 के रिपेयर/ओवरहाल कराये जाने की प्रशासकीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-39/ना0उ0नि0/इंजी/(यू0पी0ओ0)/-01-आई/2023 दिनांक 15 मई, 2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें अवगत कराया गया है कि राजकीय हेलीकाप्टर बेल 412 EP VT-UPO के 02 मेन रोटर ब्लेड पार्ट नं0-412-015-300-119 सीरियल नं0 A-4166 & A4154 का रिपेयर/ओवरहाल किया जाना है। प्रश्नगत कार्य हेतु दिनांक 20.04.2023 को हेलीकाप्टर निर्माता फर्म मेसर्स Bell Helicopter Textron Aviation, Singapore से प्राप्त बजटरी कोटेशन के आधार पर कुल यू0एस0डी0 59521.00 प्रति ब्लेड की दर से (कुल 02 ब्लेडों हेतु यू0एस0 डालर 119042.00) जो कि भारतीय मुद्रा में रूपये 84/-प्रति यू0एस डालर की विनिमय दर से रूपये 99,99,528/- (रूपये निन्यानबे लाख निन्यानबे हजार पाँच सौ अठ्ठाईस) होता है, की प्रशासनिक स्वीकृति एवं कार्यादेश निर्गत करने की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल राजकीय हेलीकाप्टर बेल 412 EP VT-UPO के 02 मेन रोटर ब्लेड पार्ट नं0-412-015-300-119 सीरियल नं0 A-4166 & A4154 के रिपेयर/ओवरहाल हेलीकाप्टर निर्माता फर्म मेसर्स Bell Helicopter Textron Aviation, Singapore से प्राप्त बजटरी कोटेशन के आधार पर कराए जाने तथा प्रश्नगत कार्य हेतु होने वाले व्यय कुल यू0एस0डी0 119042.00 (59521.00 प्रति ब्लेड की दर से) जो कि भारतीय मुद्रा में रूपये 84/-प्रति यू0एस डालर की विनिमय दर से रूपये 99,99,528/- (रूपये निन्यानबे लाख निन्यानबे हजार पाँच सौ अठ्ठाईस) होता है, की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने तथा प्रश्नगत रिपेयर/ओवरहाल के उपरान्त प्राप्त होने वाली फाइनल इन्वाइस की धनराशि की वित्तीय स्वीकृति यथासमय प्रदान किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

भवदीय,
आनन्द कौशिक
अनु सचिव

2/--

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या: 66/2023/663 (1)/छप्पन-2023-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
(2) उप महालेखाकार/ ई0एस0-III, आडिट भवन, टीसी-35-वी-1, विभूतिखण्ड, गोमतीनगर लखनऊ-10
(3) मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
(4) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
(5) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
आनन्द कौशिक
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।